(2) ब्यूरो, प्ररूप -III में रजिस्टर बनाकर रखेगा और इसमें अनुज्ञाधारक के नाम प्रविष्ट करेगा;

(3) उप- विनियम (1) के अधीन इस प्रकार प्रदत्त अनुज्ञा उस अवधि तक विधिमान्य होगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन यथा: अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक द्वारा स्टार स्तर के लिए विनिर्दिष्ट की गई है;

(4) अनुज्ञाधारक द्वारा अनुज्ञा के नवीकरण के लिए आवेदन छह माह के भीतर किंतु इस अवधि की समाप्ति से तीन माह पूर्व किया जाएगा और इसके साथ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में मांग पत्र के रूप में या इलेक्ट्रॉनिक ढंग में एक हजार रुपए का देय शुल्क होना चाहिए;

(5) विधिमान्यता की अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी आवेदन का नवीकरण नहीं किया जाएगा और ऐसी दशा में अनुज्ञाधारक को नया आवेदन पत्र प्रस्तुत होगा;

(6) उप- विनियम (4) के अधीन नवीकरण के लिए आवेदन-पत्र मिलने पर और सभी अपेक्षाओं का अनुपालन होने के संबंध में संतुष्ट होने पर, ब्यूरो ऐसा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक माह की अवधि के भीतर प्ररूप-II में अनुज्ञा का नवीकरण कर सकता है;

(7) जो अनुज्ञाधारक उस तारीख से सीधे ठंडे प्रशीतक के विद्यमान मॉडल पर लेबल चिपकाने को जारी रखने की अनुज्ञा की मांग करता है, जिस तारीख से संशोधित स्टार स्तर लागू हुआ है, केवल प्ररूप IV में एक घोषणा प्रस्तुत करेगा;

(8) यदि सीधे ठंडे प्रशीतक के नए मॉडल की योजना संशोधित स्टार स्तर के साथ समक्रमण कर शुरू करने की है तो अनुज्ञाधारक को नया लेबल चिपकाने की अनुज्ञा लेगा और ऐसी अनुज्ञा के लिए आवेदन संशोधित स्टार स्तर के लागू होने से छह माह पूर्व किया जाए;

8. लेबल पर विशिष्टियां प्रदर्शित करने के लिए निबंधन और शर्तें:- प्रत्येक अनुज्ञाधारक और व्यापारी और विक्रेता निम्नलिखित निबंधनों एवं शर्तों का पालन करेगा, अर्थात् :-

(क) सीधे ठंडे प्रशीतक के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केंद्रीय सरकार अधिसूचित सीधे ठंडे प्रशीतक के लिए ऊर्जा खपत मानकों के अनुरूप होंगे; ;

(ख) यह लेबल सीधे ठंडे प्रशीतक के ऐसे मॉडलों पर ही चिपकाया जाएगा जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है;

(ग) लेबल को अनुज्ञाधारक की लागत पर मुद्रित और सीधे ठंडे प्रशीतक पर चिपकाया जाएगा;

(घ) अनुज्ञाधारक, व्यापारी और विक्रेता यह सुनिश्चित करेगा कि सीधे ठंडे प्रशीतक पर लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर हर समय बना रहेगा;

(ङ) अनुज्ञाधारक विनियम 9 में यथा: विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(च) अनुज्ञाधारक ब्यूरो को विशिष्टियां देगा जिसमें लेबल लगे उपस्करों को बनाने का ब्यौरा और वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में निम्नलिखित मास के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए देय प्रोद्भूत लेबलिंग शुल्क की विशिष्टियां हो;

(छ) अनुज्ञाधारक, ब्यूरो को अपने लेबल लगे उत्पादों की बिक्री के लिए नियुक्त प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को अधिकृत वितरकों, डीलरों और थोक विक्रेताओं एवं विक्रेताओं की सूची देगा;

(ज) अनुज्ञाधारक, व्यापारी और विक्रेता ऐसे अन्य निबंधनों एवं शर्तों का पालन करेंगे जो ब्यूरो द्वारा, मानक और लेबलिंग के संबंध में ब्यूरो की निर्देशिका में अंतर्विष्ट निबंधनों और शर्तों सहित विनिर्दिष्ट किए गए हों;

9. लेबल शुल्क- (1) प्रत्येक अनुज्ञाधारक, ब्यूरो को सीधे ठंडे प्रशीतक पर प्रत्येक चिपकाए गए लेबल के लिए पांच रुपए की फीस का भुगतान करेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख से एक माह के भीतर वार्षिक तौर पर संदत्त किया जाएगा;

परंतु यथा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल शुल्क के भुगतान में चूक पर, ब्यूरो विनियम 6 के उप-विनियम (3) के खण्ड (ख) के अधीन प्रतिभूति शुल्क से इस पर दस प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से इस पर ब्याज के साथ बकाया रकम वसूल करेगा। यदि इसे जमा किए जाने की अंतिम तारीख से एक वर्ष के भीतर पूरा लेबलिंग शुल्क वसूल नहीं किया जाता, ब्यूरो अनुज्ञाधारक को प्रदत्त सभी अनुज्ञा रद्द कर सकता है और अनुज्ञाधारक का नाम व्यतिक्रमी के रूप में समाचार पत्र में प्रकाशित कर सकता है।

10. लेबल प्रतिभूति शुल्क का प्रतिदाय:- विनियम 9 के उप-विनियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन, अनुज्ञाधारक सीधे ठंडे प्रशीतक का विनिर्माण न करने पर लेबल प्रतिभूति शुल्क के प्रतिदाय का हकदार होगा।

11. ब्यूरो द्वारा सत्यापन- (1) ब्यूरो अथवा इसकी नामनिर्दिष्ट एजेंसी, स्वयमेव अथवा इसे शिकायत प्राप्त होने पर, यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन करेगा कि सीधे ठंडे प्रशीतक इसके लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर और अन्य विशिष्टियों के अनुरूप है और कि यह अनुज्ञा के अन्य निबंधनों एवं शर्तों के अनुपालन में है।

(2) सत्यापन के प्रयोजन के लिए, ब्यूरो अथवा विनिर्माता सुविधा से इसकी नामनिर्दिष्ट एजेंसी, द्वारा जैसे वह उचित समझे, भांडागार अथवा फुटकर विक्रय केन्द्र से यादृच्छिक तौर नमूने एकत्र करेगा;

(3) जहां उप- विनियम (1) के अधीन शिकायत प्राप्त होने पर, ब्यूरो द्वारा जांच और राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला बोर्ड द्वारा विधिवत प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला में सीधे ठंडे प्रशीतक की जांच पर आक्षेप कर सत्यापन करना अपेक्षित है, अनुज्ञाधारक को ऐसे परीक्षण के निष्पादन के लिए नोटिस जारी किया जाएगा और शिकायतकर्ता से ब्यूरो के पास परीक्षण, परिवहन संबंधी खर्च और अन्य आकस्मिक व्यय, ऐसी समयावधि में जमा कराने की मांग की जाएगी जो ब्यूरो द्वारा अवधारित की गई हो और यदि आक्षेप परीक्षण के अधीन लिए गए नमूने विफल रहते हैं, ब्यूरो को नमूने लेने, नमूने के परिवहन और जांच प्रभारों की लागत के लिए सभी व्यय की प्रतिपूर्ति अनुज्ञाधारक द्वारा की जाएगी और ब्यूरो उल्लिखित व्यय शिकायतकर्ता को प्रतिदाय करेगा और जहां उपस्कर आक्षेप परीक्षण पर पास हो जाते हैं, तब शिकायतकर्ता द्वारा जमा कराए गए व्यय जब्त कर लिए जाएंगे;

(4) जहां परीक्षण के लिए सीधे ठंडे प्रशीतक के नमूने स्वयमेव परीक्षण अथवा आक्षेप परीक्षण के दौरान परीक्षण में विफल रहते हैं, अनुज्ञाधारक को एक अन्य अवसर दिया जाएगा और ब्यूरो, अनुज्ञाधारक की लागत पर राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला बोर्ड द्वारा सम्यक रूप से समक्रमणि स्वतंत्र प्रयोगशाला में प्रथम जांच में प्रयुक्त सीधे ठंडे प्रशीतक के दो गुने परिमाण में दूसरा परीक्षण करेगा;

(5) जहां, दूसरा परीक्षण विफल होता है, ब्यूरो,-

(क) प्ररूप V, में अनुज्ञाधारक को सभी राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को निदेश देगा कि अनुज्ञाधारक दो माह की अवधि के अंदर,

i. सीधे ठंडे प्रशीतक के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर सही करेगा अथवा परीक्षण के दौरान त्रुटियों और कमियों को दूर करेगा;
ii. ब्यूरो के दिशा- निर्देशों के अनुपालन में बाजार से सभी स्टॉक को वापस लेगा; और
iii. विज्ञापित सामग्री पर प्रदर्शित विशिष्टियों में परिवर्तन करेगा।

(ख) उपभोक्ताओं के लाभ के लिए, दो माह के भीतर अनुज्ञाधारक का नाम, ब्राण्ड का नाम, मॉडल का नाम अथवा मॉडल संख्या, प्रतीक चिह्न और अन्य विनिर्देश किसी दैनिक राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय समाचारपत्र अथवा इलेक्ट्रॉनिक अथवा यथोचित किसी अन्य रीति से प्रकाशित करेगा।

(ग) संबंधित राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसी को अधिनियम, की धारा 27 के अधीन अनुज्ञाधारक और व्यापारी के विरूद्ध न्यायनिर्णयन कार्रवाई करने के लिए सूचित करेगा।

(6) अनुज्ञाधारक उप-विनियम (5) में निर्दिष्ट दो माह की अवधि समाप्त होने के दस दिनों के भीतर,-

(क) ब्यूरो को दिशा-निर्देश के अनुपालन में की गई कार्रवाई के संबंध में प्ररूप VI में अनुपालन रिपोर्ट भेजेगा; और

(ख) यदि खण्ड (क) में निर्दिष्ट अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर निर्देश का पालन किए बिना प्राप्त होती है, इसे जारी निर्देशों का अनअनुपालन माना जाएगा और ब्यूरो द्वारा इस प्रभाव के आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

(7) ब्यूरो अधिनियम की धारा 17 के अधीन कार्रवाई करने और उक्त उप-नियम के खंड (ख) के अधीन पारित आदेशों के प्रर्वतन के प्रयोजनार्थ सभी राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को उपविनियम (6) खंड (क) (ख) में निर्दिष्ट अनुपालन रिपोर्ट में जारी आदेशों की प्रति, आवश्यक दस्तावेजों सहित भेजेगा

(8) जहां अनुज्ञाधारक, ब्यूरो द्वारा उप-विनियम (5) के अधीन जारी किए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने में विफल रहता है, वहां ब्यूरो सभी राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को सूचना देते हुए –

(क) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के अधीन अनुज्ञाधारक को प्रदत्त अनुमति वापस ले लेगा;

(ख) केन्द्रीय सरकार को, अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानकों की अनुरूपता में अनुज्ञाधारक द्वारा विफलता की पुष्टी में परीक्षण रिपोर्ट के साथ, केंद्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 के खंड (ग) के अधीन विचार करने और कार्रवाई करने के लिए उप-विनियम (6) के खंड (क) में निर्दिष्ट ब्यूरो की निर्देश रिपोर्ट भेजेगा।

(ग) उपभोक्ताओं के लाभ के लिए, दो माह के भीतर, किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र में और किसी इलेक्ट्रॉनिक या किसी अन्य तरीके से जैसा उचित समझे, अनुज्ञाधारक का नाम, ब्रांड नाम, मॉडल का नाम या मॉडल संख्या, लोगो और अन्य विनिर्देशन प्रकाशित करेगा।

(घ) संबंधित राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञाधारक और व्यापारी के विरुद्ध आगे न्यायनिर्णय कार्रवाई शुरू करने के लिए सूचित करेगा।

12. अनुज्ञा का रद्दकरण .-

ब्यूरो विनियम 7 के अधीन प्रदत्त अनुमति को रद्द कर सकता है, यदि अनुज्ञाधारक –

(क) विनियम 8 के अधीन विनिर्दिष्ट किसी निबंधनों और शर्तों का पालन नहीं करता;

(ख) विनियम 9 के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल शुल्क का संदाय नहीं करता;

(ग) विनियम 11 के अधीन जारी निर्देशों का अनुपालन नहीं करता।

प्ररूप I

[विनियम 6 देखें]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के अधीन सीधे ठंडे प्रशीतक पर लेबल चिपकाने की अनुमति हेतु आवेदन-पत्र

महानिदेशक

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)चौथा तल, सेवा भवन,सेक्टर – 1, आर. के. पुरम

नई दिल्ली – 110 066

भारत

मैं / हम _____ (व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम) _____ अभिनाम के अधीन _____ (कारबार का पूरा पता) कारबार करने के लिए घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों का/के विनिर्माता अथवा आयातक हूं / हैं जैसा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 में ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट है, घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों पर प्रदर्शित करने / लगाने की अनुमति पाने हेतु आवेदन करता हूं / करते हैं।

2. विनिर्माण सुविधा : उपरोक्त उपस्कर _____ (कंपनी का नाम) द्वारा विनिर्मित या आयातित है और _____ (कारखाने का नाम और पता) में विनिर्मित है।

3. सूचना के ब्यौरे : उपस्कर, कंपनी, विनिर्माण सुविधा, परीक्षण उत्पादों के लिए प्रमाणन, लेबल और भुगतान के संबंध में विस्तृत सूचना उपाबध में दी गई है। फर्म का रजिस्ट्रार अथवा संस्थाओं / उद्योग निदेशक (लघु इकाइयों के मामले में) द्वारा जारी निगमन प्रमाणपत्र अथवा अन्य सदृश दस्तावेजों की प्रतिलिपि संलग्न है जो फर्म का नाम और इसके विनिर्माण परिसरों को अनुप्रमाणित करते हैं, संलग्न है।

(क) आवेदक/ प्राधिकृत व्यक्ति : _____ (नाम और पदनाम) कंपनी/ फर्म आदि की ओर से यह आवेदन करने के लिए प्राधिकृत है और वह इस आवेदन के साथ दी गई सूचना की शुद्धता और अधिप्रमाणिकता के लिए उत्तरदायी होगा।

(ख) संपर्क व्यक्ति : _____ (नाम और पदनाम) इस आवेदन और लेबल के उपयोग के संबंध में ब्यूरो के साथ समन्वय करने के लिए अधिकृत संपर्क व्यक्ति है।

(ग) मैं/हम उपरोक्त (क) अथवा (ख) में परिभाषित प्राधिकृत व्यक्तियों में किसी परिवर्तन के बारे में ब्यूरो को सूचित करने का वचन देता हूं/ देते हैं।

4. मानकों का अनुपालन : मैं/हम _____ (उपस्कर का नाम) के लिए _____ (अधिसूचना का शीर्ष) के संबंध में अधिसूचना में यथा: विनिर्दिष्ट आईएस/अन्य (मानक का नाम और संख्या) _____ के अनुसार क्वालिटी प्रणाली / अन्य मानकों के संबंध में भारतीय मानक ब्यूरो / अन्य अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हैं। संगठन और / अथवा उपरोक्त उपकरण के संबंध में अनुज्ञप्ति /प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि संलग्न है।

मैंने / हमने, उपस्कर की क्वालिटी की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी आंतरिक प्रयोगशाला _____ अथवा एनएबीएल द्वारा समक्रमणित प्रयोगशाला _____ (प्रयोगशाला का नाम और पता) में परीक्षण हेतु व्यवस्था कर ली है।

स्वतंत्र प्रयोगशाला का ब्यौरा :

क) परीक्षण ब्यौरे (परीक्षण प्रकिया / नाम / संख्या)

ख) समक्रमण की प्रास्थिति :

ग) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का अनुमोदन :

5. मेरी/ हमारी जानकारी और प्राक्कलन के अनुसार, उक्त उपस्कर के उत्पादन और बिक्री संबंधी आंकड़े और इनका मूल्य निम्नानुसार हैं :

वर्ष	उत्पादन	बिक्री	उपस्कर का अधिकतम खुदरा मूल्य (रु.)
..... से ..... तक अंतिम वर्ष ..... से ..... तक चालू वर्ष (अनुमान)			

6. (क) मांग पत्र सं. _____ तारीख _____ / इलेक्ट्रॉनिक ढंग द्वारा दो हजार रुपए के आवेदन शुल्क _____ का संदाय कर दिया गया है।

(ख) मांग पत्र सं. _____ तारीख _____ / इलेक्ट्रॉनिक ढंग द्वारा एक लाख या पच्चीस हजार रुपए की लेबल प्रतिभूति शुल्क का संदाय कर दिया गया है।

(ग) मैं/हम ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट पांच रुपए प्रति लेबल के लेबलिंग शुल्क का संदाय करने को सहमत हूं/हैं।

7. मैं/हम ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी निबंधनों एवं शर्तों का पालन करने और ब्यूरो द्वारा कोई पूछताछ किए जाने की स्थिति में उसे आवश्यक सहायता/सहयोग देने को सहमत हूं/हैं।

8. मैं/हम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन के लिए नमूने का चयन करने और परीक्षण पर आक्षेप करने के लिए प्राधिकृत करता हूं/करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने को सहमत हूं/हैं।

9. मैं/हम यह घोषणा करता हूं/ करते हैं कि इस आवेदन पत्र में दी गई सूचना मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सही है और यदि कोई सूचना गलत पाई जाती है; आवेदन-पत्र को तत्काल अस्वीकृत किया जा सकता है।

तारीख ..... दिवस ..... (वर्ष)

हस्ताक्षर .....

नाम .. ..

पदनाम .....

के लिए और उनकी ओर से

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

उपाबध

(प्ररूप 1 का पैरा 3 देखें)

सूचना के ब्यौरे

1. उत्पाद / उपस्कर का ब्यौरा

1.1 साधारण

उपस्कर और प्रकार	
ब्रांड	
मॉडल का नाम / नंबर	
रेटेड सकल आयतन (लीटर)	
रेटेड भंडारण आयतन (लीटर)	
विनिर्माण का वर्ष	
भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणपत्र के ब्यौरे (यदि कोई हों) (अनुज्ञप्ति / प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)	
क्वालिटी प्रणाली प्रमाणपत्र के ब्यौरे (अनुज्ञप्ति / प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)	
वार्षिक बिजली खपत (प्रति वर्ष कि. वॉ. घं.)	

1.2 तकनीकी ब्यौरे

क्र. सं.	मॉडल का नाम / नंबर	मापे गए मान				घोषित मूल्य				टिप्पणियां
		सकल आयतन (लीटर)	भंडार आयतन (लीटर)	वार्षिक बिजली खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	स्टार लेबल या ऊर्जा दक्षता स्तर	सकल आयतन (लीटर)	भंडार आयतन (लीटर)	वार्षिक बिजली खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	स्टार लेबल या ऊर्जा दक्षता स्तर	

IndiaCode

2. कंपनी के ब्यौरे

कंपनी का नाम :	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन नं.	
फैक्स नं.	
ई-मेल	
वेबसाइट	

3. विनिर्माण परिसर के ब्यौरे

पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन नं.	
फैक्स नं.	
ई-मेल	
वेबसाइट	
अन्य कोई ब्यौरे	

4. जांच प्रयोगशाला के ब्यौरे

जांच प्रयोगशाला का नाम

समक्रमण प्रास्थिति
(समक्रमण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

समक्रमण की विधिमान्यता
(समर्थन दस्तावेज संग्लन करें)

पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन नं.	
फैक्स नं.	
ई-मेल	
वेबसाइट	

IndiaCode

5. लेबलिंग सूचना

प्रारंभ की तारीख		
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के लिए प्रयुक्त लेबलों का नाम पहले वर्ष के लिए – दूसरे वर्ष केलिए – तीसरे वर्ष के लिए -		
उत्पाद क्रमांक सं.	से ..... तक..... _____	

6. भुगतान के ब्यौरे

	कुल रकम	**भुगतान के ब्यौरे (डिमांड ड्राफ्ट के ब्यौरे / इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के ब्यौरे)**
आवेदन शुल्क **प्रतिभूति शुल्क**		

तारीख

हस्ताक्षर.....
नाम.....
पदनाम .....
के लिए और उनकी ओर से
.....
(फर्म का नाम)
फर्म की मुहर

प्ररूप II

[विनियम 7 का उपविनियम (1) देखें]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के तहत सीधे ठंडे प्रशीतक पर लेबल लगाने की अनुमति / अनुमति का नवीकरण

नई दिल्ली, तारीख: .....

सेवा में,

.....
.....

1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में, ब्यूरो आपको इस पत्र के साथ अनुबंध में बताए गए अनुमोदनों के ब्यौरे के अनुसार लेबल लगाने की अनुमति प्रदान करता है।

2. यह अनुमति निम्नलिखित के अध्यधीन है —

(क) सीधे ठंडे प्रशीतक के लेबल पर दर्शाया गया स्टार स्तर अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन सीधे ठंडे प्रशीतक के लिए अधिसूचित ऊर्जा खपत मानकों और उल्लिखित विनियमों में दिए गए निबंधनों व शर्तों को पूरा करता हो;

(ख) लेबल सीधे ठंडे प्रशीतक के उस मॉडल पर ही चिपकाया जाएगा जिसके लिए अनुमति प्रदान की गई है;

(ग) लेबल, अनुज्ञाधारक की लागत पर मुद्रित और सीधे ठंडे प्रशीतक पर चिपकाया जाएगा;

(घ) अनुज्ञाधारक यह सुनिश्चित करेगा कि सीधे ठंडे प्रशीतक पर प्रदर्शित स्टार स्तर हमेशा बना रहेगा;

(ङ) अनुज्ञाधारक प्रति लेबल पांच रुपए फीस का संदाय करेगा;

(च) अनुज्ञाधारक ब्यूरो को एक विवरण मुहैया करेगा जिसमें लेबल धारक उपस्कर के उत्पादन और वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत से अगले माह के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए प्रोद्भूत लेबलिंग शुल्क का विवरण होगा। यह विवरण ब्यूरो को स्वचालित प्रणालियों के माध्यम से भी प्रदान की जाएगी।

(छ) अनुज्ञाधारक सीधे ठंडे प्रशीतक के संबंध में अन्य विवरण, जिसके लिए अनुमति प्रदान की गई है,जैसे और जब भी ब्यूरो द्वारा मांगा जाता है, भी प्रदान करेगा।

3. यह अनुमति ..... से ..... तक विधिमान्य होगी और विनिर्देशों के अनुसार इसका नवीकरण कराया जा सकता है। अनुज्ञाधारक, अनुमति की विधिमान्यता अवधि के दौरान, ब्यूरो के पूर्व अनुमोदन से छोड़कर, सीधे ठंडे प्रशीतक को बाजार से नहीं हटाएगा।

4. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा अनुमोदित डिजाइन के अनुसार उपस्कर के लिए समनुदेशित की गई विशेष लेबल श्रृंखला कोड ..... है और यह लेबल पर अनुमोदित डिजाइन के अनुसार दिखाई देनी चाहिए।

5. जहां केन्द्रीय सरकार द्वारा पुनरावलोकन के अधीन स्टार स्तर योजना को उपांतरित किया गया है, सीधे ठंडे प्रशीतक का स्टार स्तर निम्नानुसार उपांतरित होगा:-

(क) यदि संशोधित स्टार स्तर के सामंजस्य में नया मॉडल शुरू किया जाता है, ऐसी अनुमति के लिए ब्यूरो के पास उस तारीख से छह माह अग्रिम में आवेदन किया जाए जिस तारीख से नए स्टार स्तर लागू होंगे;

(ख) जहां उपातंरित स्टार स्तर लागू करने के लिए विद्यमान मॉडल को जारी रखा जाता है, ब्यूरो के पास प्ररूप IV में घोषणा ही प्रस्तुत की जाएगी।

6. .....तारीख .....मास..... वर्ष को हस्ताक्षरित, मुहरबंद और तारीखबद्ध

(सचिव)
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

उपाबध

(प्ररूप 2 का पैरा 1 देखें)

अनुमोदन के ब्यौरे

1. उपस्कर के ब्यौरे

उपस्कर और प्रकार	
ब्रांड	
मॉडल का नाम / नंबर	
रेटेड सकल आयतन	
रेटेड भंडारण आयतन	
विनिर्माण का वर्ष	


क्र. सं.	मॉडल का नाम / नंबर	माप मूल्य				घोषित मूल्य				टिप्पणियां
		सकल आयतन (लीटर)	भंडार आयतन (लीटर)	वार्षिक बिजली खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	स्टार लेबल या ऊर्जा दक्षता स्तर	सकल आयतन (लीटर)	भंडार आयतन (लीटर)	वार्षिक बिजली खपत (कि. वॉ. घं. / वर्ष)	स्टार लेबल या ऊर्जा दक्षता स्तर	

2. लेबल के ब्यौरे

उपस्कर	
प्रकार	
विनिर्माता / आयातक / ब्रांड का नाम	
मॉडल का नाम / नंबर	

विनिर्माण का वर्ष	
रेटेड सकल आयतन (लीटर)	
रेटेड भंडारण आयतन (लीटर)	
वार्षिक बिजली खपत (कि.वॉ.घं./वर्ष)	
स्टार स्तर	
लेबल की अवधि	

3. सीधे ठंडे प्रशीतक पर लगाया जाने वाला ब्यूरो द्वारा समर्थक रूप से अनुमोदित लेबल का नमूना, जो नीचे दर्शाया गया है।



पत्र में उपबंधित विशिष्ट लेबल श्रृंखला कोड का उल्लेख सीधे ठंडे प्रशीतक पर लगाए गए लेबल में किया जाता है।

4. लेबल के लिए इस्तेमाल की जाने वाली डिजाइन, आकार, रंग स्कीम, सामग्री और ब्यूरो के लोगो में लेबल और रंग योजना की अंतर्वस्तु अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट होगी।

तारीख .....

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

के लिए और उनकी ओर से .....

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

प्ररूप III

(विनियम 7 के उप नियम (2) देखें)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा रखे जाने वाले अनुज्ञाधारकों के रजिस्टर (टेम्पलेट)

क्र. सं.	आवेदन सं. और अनुमति की तारीख	अनुज्ञाधारकों का नाम और विवरण (संबंध व्यक्ति, पता, पिन कोड, राज्य, फोन सं., फैक्स नं., ई-मेल, वेबसाइट)	उपस्कर के ब्यौरे जिनकी अनुमति प्रदान की गई है	स्टार लेबल या दक्षता स्तर की घोषणा	ऊर्जा दक्षता ब्यूरो अनुमति संख्या और यूनिक लेबल सीरिज	अवधि जिसमें अनुमति प्रदान की गई है
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*

लेबल प्रतिभूति शुल्क की रकम	(रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट (ब्यौरे) / इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन (ब्यौरे) : तारीख:) से प्राप्त की लेबल प्रतिभूति शुल्क	प्राप्त आवेदन शुल्क का मूल्य	(रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट (ब्यौरे) / इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन (ब्यौरे) : तारीख:) से प्राप्त आवेदन शुल्क की राशि के विवरण
8	9	10	11

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान लगाए गए लेबलों की कुल संख्या	प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के लिए योग्य शुल्क के लेबलिंग की राशि	प्रत्येक वित्तीय वर्ष (रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट (ब्यौरे) / इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन (ब्यौरे) : तारीख:) के लिए प्राप्त विवरण के लेबलिंग शुल्क	टिप्पणियां
12	13	14	15

प्ररूप IV

[विनियम 7 का उप -विनियम (7) देखें]

अनुज्ञाधारक द्वारा विद्यमान मॉडल पर लेबल चिपकाने की अनुमति को जारी रखने की मांग करते हुए घोषणा

(प्रत्येक भिन्न मॉडल के लिए, संबंधित उपाबध के साथ एक पृथक पत्र प्रस्तुत किया जाएगा)

(निगमित निकाय अनुज्ञाधारक के लेटर हैड पर)

तारीख :

सेवा में,
महा निदेशक
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)चौथा तल, सेवा भवन,सेक्टर – 1, आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 110 066
भारत

विषय : ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के जरिए .....से लागू स्टार स्तर में परिवर्तन के संबंध में लेबल चिपकाने की अनुमति के लिए आवेदन- पत्र।

1. मैं/हम [व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम] की शैली में [कंपनी का नाम, पूरे पते सहित] में व्यवसाय करने वाला/वाले सीधे ठंडे प्रशीतक का/के विनिर्माता / आयातक हूं / हैं और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 में ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट सीधे ठंडे प्रशीतक पर लेबल चिपकाने की अनुज्ञा के लिए आवेदन करता हूं / करते हैं, जिसमें ..... से स्टार स्तर में संशोधन होगा।

2. उपरोक्त उपस्कर [व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम] द्वारा विनिर्मित अथवा आयातित है और इसका (कारखाने का नाम और पता) में विनिर्माण किया गया है अथवा (आयातक का नाम और पता) से आयात किया गया है

3. नए स्टार स्तर का अनुपालन : मैं / हम ... सारणी के अनुसार सारणी परिवर्तन की पुष्टि करते हैं जैसा सीधे ठंडे प्रशीतक के लिए अधिसूचना संख्या एस. ओ. संख्या..... में विनिर्दिष्ट है। उपरोक्त उपस्कर के संबंध में ब्यूरो के अनुमोदन की प्रतिलिपि (जिसे पूर्व में अनुमोदित किया गया था) संलग्न है।

4. सीधे ठंडे प्रशीतक के संबंध में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो लेबल (स्टार स्तर परिवर्तन के परिशोधन के अनुसार) की प्रतिलिपि संलग्न है।

5. स्टार स्तर के संशोधन के अनुसार उपस्कर/मॉडल का विवरण।

मॉडल का नाम - .....

ब्यौरे	**घोषित (मूल्य)**	
सकल आयतन (लीटर)	–	
भंडारित आयतन (लीटर)	–	
वार्षिक बिजली खपत (कि.वॉ.घं./वर्ष)	–	
स्टार रेटिंग	(मौजूदा स्टार लेवल के अनुसार)	(संशोधित स्टार लेवल के अनुसार)

6. मैं/हम अपने स्टार स्तर में मैनुअल आवेदन के साथ-साथ ऑनलाइन वैब पोर्टल में [मौजूदा स्टार लेबल स्तर] से [संशोधित स्टार लेबेल स्तर] परिवर्तित करने को सहमत हूं/हैं।

7. मैंने उक्त सीधे ठंडे प्रशीतक मॉडल के लिए अभी तक तिमाही उत्पादन आंकडे और लेबलिंग शुल्क जमा करा दिया है।

8. मैं/हम, ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी निबंधनों और शर्तों का पालन करने और यदि ब्यूरो द्वारा कोई पूछताछ की जाती है, उसे आवश्यक सहायता/ सहयोग देने को सहमत हूं/हैं।

9. मैं/हम, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन करने और जांच पर आक्षेप करने के लिए नमूने का चयन करने के लिए प्राधिकृत करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने को सहमत हूं/हैं।

10. मैं/हम यह वचन देता हूं/ देते हैं कि इस आवेदन – पत्र में प्रदान की गई सूचना मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सही है और यदि इसमें दी गई कोई सूचना गलत पाई जाती है, आवेदन को तत्काल अस्वीकृत किया जा सकता है।

दिनांक:.....

दिन ..... (वर्ष)
हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदनाम .....
के लिए और उनकी ओर से .....
(फर्म का नाम)
फर्म की मुहर

प्ररूप V

[विनियम 11 का उप -विनियम (5) देखें]

अनुज्ञाधारक को दूसरे जांच परीक्षण में विफल रहने पर निदेश

सेवा में, नई दिल्ली, तारीख

.....

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के अनुसरण में विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में आपको इसमें विनिर्दिष्ट निबंधनों एवं शर्तों का अनुपालन करने की शर्त पर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तारीख .....के पत्रांक..... के जरिए सीधे ठंडे प्रशीतक पर लेबल चिपकाने की अनुमति दी गई थी।

2. ब्यूरो ने, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम ..... के अधीन आपके प्राधिकृत वितरक, डीलर, खुदरा व्यापारी से .....रुपए की कीमत की तारीख ..... की इनवॉयस संख्या ..... के जरिए बीईई स्टार के लेबल वाला सीधा ठंडा प्रशीतक खरीदकर, ब्यूरो द्वारा उल्लिखित विनियम के विनियम 3 के अधीन लेबल, जो उल्लिखित खरीदे गए सीधा ठंडा प्रशीतक पर आपके द्वारा चिपकाया गया था, पर प्रदर्शित ब्यौरों के सत्यापन के लिए नियुक्त एजेंसी, मैसर्स..... द्वारा तारीख..... को नमूने के तौर पर उठवाया था। मैसर्स ..... से श्रृंखला सं. मैसर्स ..... का सम्यक रूप से मुहरबंद नमूना, मैसर्स .....(वितरक, डीलर, खुदरा व्यापारी का नाम) से, सत्यापन एजेंसी के सम्यक रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर सहित प्राप्त हुआ था।

3. ब्यूरो ने अपनी पूर्वाकृत सत्यापन एजेंसी के माध्यम से पैरा 2 में निर्दिष्ट नमूना मैसर्स....., एनएबीएल समक्रमणित प्रयोगशाला को एस.ओ. संख्या..... तारीख ..... के पैरा 4 और 5 में दी गई परीक्षण प्रक्रिया के अनुसार, एस.ओ. संख्या..... तारीख ..... के उपाबंध में दिए गए प्ररूप..... के अनुसार जांच रिपोर्ट देने के लिए जांच करने के लिए भेजा था।

4. विशेष पहचान श्रृंखला संख्या वाले नमूने की जांच रिपोर्ट के परिणाम संलग्न हैं। जांच रिपोर्ट के परिणाम दर्शाते हैं कि नमूने वाले घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतक प्रति वर्ष विद्युत इकाइयों की खपत, मानक, विनिर्दिष्ट सकल परिमाण और भंडारण परिमाण आदि को पूरा नहीं करते और यह आपके द्वारा विनिर्मित/ आयातित घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों के संबंध में लेबल चिपकाने के लिए मांगी गई अनुमति के लिए आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्ररूप 1 में आपके द्वारा दिए गए परीक्षण के ब्यौरे की अनुरूपता नहीं है। बीईई के तारीख ..... के पत्रांक..... के जरिए जांच के परिणाम आपके प्राधिकृत संबद्ध व्यक्ति के नाम में आपको भेज दिए गए थे। आपसे अनुरोध किया जाता है कि एनएबीएल समक्रमणित प्रयोगशाला मैसर्स ..... में नमूनों के दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण में हिस्सा लें।

5. हमारी प्राधिकृत एजेंसी मैसर्स ..... के जरिए तारीख ..... दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण के लिए नमूने उठाकर हमारी प्राधिकृत एजेंसी मैसर्स..... द्वारा सम्यक रूप से मुहरबंद कर राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला बोर्ड समक्रमणित प्रयोगशाला में भेजे गए थे और सत्यापन एजेंसी के सम्यक रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के साथ-साथ आपके प्रतिनिधियों के हस्ताक्षराधीन ..... से प्राप्त कथित नमूनों पर उत्कीर्ण विशेष पहचान श्रृंखला संख्या दी गई थी।

IndiaCode

6. दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण के परिणाम संलग्न हैं जिनकी राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला बोर्ड समक्रमणित प्रयोगशाला के सक्षम प्राधिकृत कार्मिक द्वारा जांच की गई है और जिनके संबंध में प्रतिहस्ताक्षर किए गए है। जांच रिपोर्ट पर दूसरे जांच परीक्षण के साक्ष्य के तौर पर आपके हस्ताक्षरकर्ता द्वारा भी सम्यक रूप से हस्ताक्षर किए गए हैं। जांच परिणामों से पुष्टि होती है कि ये एस.ओ. संख्या .... तारीख.... में दिए गए अपेक्षित मानदण्डों और मानकों और आपको बाजार में विनिर्मित/आयातित एवं बिक्री घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों पर लगे लेबल पर दिए गए ब्यौरों को दर्शाने के लिए आपको दी गई अनुमति के निबंधनों और शर्तों को पूरा नहीं करते।

7. अत:, अब ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की विशिष्टयां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम (5) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ब्यूरो निदेश देता है:-

(i) घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर को सही करें अथवा परीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों और कमियों को दूर करें;

(ii) ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के लिए बाजार से सभी स्टॉक वापस ले लें; और

(iii) विज्ञापन की सामग्री में प्रदर्शित किए गए ब्यौरों में परिवर्तन करें।

8. आपको निदेश दिया जाता है कि इस पत्र के जारी किए जाने की तारीख से दो माह के भीतर उपरोक्त सुधारात्मक कार्रवाई पूरी करें और दो माह की समाप्ति के पश्चात् 10 दिन के भीतर अर्थात..... तक प्ररूप VI में अनुपालन रिपोर्ट भेजें। यदि उक्त तारीख तक कोई अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की विशिष्टयां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम 11 के उप-विनियम (6) के खण्ड (ख) के निबंधनों के अनुसार कार्रवाई करेगा।

9. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम 11 के उप-विनियम (4) (5) (6) और (7) की शर्तों के अनुसार, मामले में और आगे कार्रवाई करेगा।

सचिव,
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

संलग्नक :

1. विफल मॉडल की परीक्षण रिपोर्ट
2. विनिर्माता के साथ पत्राचार

प्ररूप VI

(विनियम 11 के उप विनियम (6) देखें)
की गई कार्रवाई रिपोर्ट
(संगठन के लैटर हैड पर प्रस्तुत करना)

सेवा में,
सचिव
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)चौथा तल, सेवा भवन,सेक्टर – 1, आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 066 110
भारत

तारीख .....

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतक के लेबल पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में, हमें मैसर्स. ..... सीधे ठंडे प्रशीतक के विनिर्माता की ..... ऊर्जा की खपत मानक के अनुरूप ऊर्जा दक्षता ब्यूरो पत्र सं के लिए ..... तारीख ..... मॉडल संख्या ..... द्वारा ..... स्टार लेवल के सीधे ठंडे प्रशीतक पर लेबल लगाने की अनुमति दी गई थी।

विनियम, 2016 (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतक के लेबल पर उनके प्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति से) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के विनियम 11 के उप-विनियम (5) के उपबंधों के अनुसरण, हमें आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए बीईई पत्र संख्या ..... तारीख..... द्वारा निर्देश दिया गया। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा जारी किए गए निर्देश के आलोक में, हम इसके द्वारा घोषित करते हैं कि हमारी ओर से निम्न कारवाईयों को किया गया है।

	कार्रवाई का निर्देश	प्रास्थिति	की गई कार्रवाई
(i)	ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के साथ सीधे ठंडे प्रशीतक के स्तर पर प्रदर्शित सही स्टार स्तर	हां / नहीं / लागू नहीं	स्टार स्तर (तारीख) से प्रभावी स्टार..... से स्टार ..... तक सही किया गया है।


(ii)	ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के साथ बाजार से सभी स्टॉक वापस ले लें। और	हां / नहीं / लागू नहीं	बाजार से सभी स्टॉक को ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के साथ वापस ले लिया गया है।
(iii)	विज्ञापन सामग्री पर प्रदर्शित ब्यौरे बदलें।	हां / नहीं / लागू नहीं	हां / नहीं / लागू नहीं

उपरोक्त दी गई घोषणा हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है।


हस्ताक्षर.....
नाम.....
पदनाम.....
के लिए और उनकी ओर से.....
कंपनी का नाम / फर्म आदि
फर्म / कंपनी की मुहर

अनुसूची
विनियम 3 का उपविनियम (2) देखें)
सीधे ठंडे प्रशीतक के लेबलों पर प्रदर्शित की गई विशिष्टियां
(1) लेबल डिजाइन

(i) आयाम :



(ii) रंग योजना :



(iii) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो लोगो की रंग योजना :

नीला –

ह्यू (H)-239° सेचुरेशन (S):64% ब्राइटनेस(B):59%

ल्यूमिनेंस या लाइटनेस (L) :28, क्रोमेटिक पुर्जे -a:24 b:54

लाल (R):54 हरा(G):55 नीला(B):151

सियान (C):97% मैजेंटा (M):95% पीला (Y):6% काला(K):1%

वेब कलर कोड - #363797

हरा -ह्यू (H)- 150° सेचुरेशन (S): 10% ब्राइटनेस(B): 67%

ल्यूमिनेंस या लाइटनेस (L) : 61, क्रोमेटिक पुर्जे -a: 53 b:32

लाल (R): 0 हरा(G): 170 नीला(B): 87

सियान (C): 81% मैजेंटा (M): 10% पीला (Y): 90% काला (K): 1%

वेब कलर कोड - #00AA56;

(2) **लेबल सामग्री**

लेबल, टिकाऊ गत्ते का होगा, यदि यह एक स्विंग टैग के रूप में संलग्न किया जा रहा है, या स्वयं चिपकने वाला हो सकता है और लेबल के लिए आयाम डिजाइन योजना में दिखाई गई रूपरेखा में से एक को काटा जाएगा।"

बी. पी. पाण्डेय, महानिदेशक

[विज्ञापन-III/4/असा./112(185)]

THE BUREAU OF ENERGY EFFICIENCY

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th May, 2016

No. BEE/S&L/Ref/70/2016-17.— Whereas the draft regulations namely, the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Household Direct Cool Refrigerators) Regulations, 2015, were published vide notification number BEE/S&L/Ref/70/2015-16, dated the 5th October, 2015, as required under sub-section (1) of section 58 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), inviting objections or suggestions from persons likely to be affected thereby within the specified period of forty-five days from the date of publication of the said notification in the Official Gazette;

And whereas copies of the said draft regulations were made available to the public on 5th October, 2015;

IndiaCode

And whereas suggestions have been received with respect to the said draft regulations within the period aforesaid;

And whereas the suggestions received in this regard have been taken into consideration;

Now, therefore, in exercise of powers conferred by clause (i) of sub-section (2) of section 58 read with clause (n) of sub-section (2) of section 13 and clause (d) of section 14 of the said Act, the Bureau, with the previous approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely:-

1. **Short title and commencement.**-(1) These regulations may be called the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Household Direct Cool Refrigerators) Regulations, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definition.-** (1) In these regulations, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the Energy Conservation Act, 2001(52 of 2001);

(b) "direct cool refrigerators" means an appliance as specified in the notification under clause (b) of section 14 of the Act;

(c) "Form" means a form appended to these regulations;

(d) "label" means any written, printed, marked, stamped or graphic matter affixed to, or appearing upon, direct cool refrigerator;

(e) "label period" means the validity period of the comparative electricity consumption under energy consumption standard notified by the Central Government under clause (a) of section 14 and in case the end period of the validity period of the comparative electricity consumption is not notified, it shall be deemed to be valid until new values for the same are notified by the Central Government;

(f) "models or family of models" means the model or range of models of one particular brand, to which a single set of test reports is applicable and where each of the models has the same physical characteristics, annual electricity consumption, energy efficiency level and performance characteristics;

(g) "permitee" means a person or agency to whom permission has been granted to affix label under regulation 7;

(h) "star rating or star level" means the grade of energy efficiency displayed on the label of the direct cool refrigerator based on energy consumption standard notified by the Central Government under clause (a) of section 14 of the Act to denote the comparative electricity consumption of direct cool refrigerator;

(i) "trader or seller" in relation to any labelled direct cool refrigerator means a person who sells or distributes any such direct cool refrigerator and includes the shopkeeper, trader, manufacturer and permittee who has been given permission to affix label on such direct cool refrigerator.

(2) Words and expressions used herein and not defined, but defined in the Act, shall have meanings respectively assigned to them in the Act.

3. Particulars to be displayed on label.- (1) On every direct cool refrigerator, the following particulars shall be displayed on its label, namely:-

(a) the logo of the Bureau of Energy Efficiency;
(b) name of manufacturer or importer and brand;
(c) appliance type;
(d) rated Gross Volume;
(e) rated Storage Volume;
(f) model number and year of manufacturing or import;
(g) unique series code;
(h) electricity consumption in units per year;
(i) star level; and
(j) label period.

(2) The design, colour, size and content of label shall be as specified in the Schedule annexed to these regulations.

4. Time limit for display of labels.- (1) A label containing all the particulars specified in regulation 3 shall be displayed on every direct cool refrigerator within a period of six months from the date of coming into force of these regulations.

(2) On and from commencement of revised energy consumption standards notified by the Central Government under clause (a) of section 14 of the Act, every permittee or trader or seller shall ensure that-

(a) the direct cool refrigerator put on sale shall display revised star level and revised label period synchronizing with the revised energy consumption standards and the manufacturing year of the direct

cool refrigerator shall also be in synchronization with such revised energy consumption standards, and shall not produce the direct cool refrigerator with the previous energy consumption standards;

(b) all preparatory steps including awareness of the dealers, retailers, requisite publicity for their education as well as for the education of the consumers shall be well planned and taken six months in advance of the date of such commencement, under these regulations.

5. Manner of display of label.-(1) On every direct cool refrigerator, shall be displayed label at the point of sale and such label shall be affixed on the direct cool refrigerator in the following manner, namely:-

(a) self-adhesive label affixed on the front side of the upper right portion of direct cool refrigerator;

(b) self-adhesive label affixed on the front side of the carton box.

(2) For direct cool refrigerators not on display, the label may be affixed to the exterior of the packing and the label may be attached to the unit when put on sale.

6. Permission for display of label.- (1) No star label shall be affixed on a direct cool refrigerator without obtaining the prior permission of the Bureau.

(2) For the purpose of obtaining permission of the Bureau under sub-regulation (1), an application shall be made in Form-I and in electronic form:

Provided that separate application shall be made for each model of direct cool refrigerator.

(3) Every application under sub-regulation (2) shall be accompanied by –

(a) an application fee of two thousand rupees, payable by demand draft in favour of Bureau of Energy Efficiency, New Delhi or by any acceptable electronic mode of payment;

(b) a label security fee of one lakh rupees, payable by demand draft in favour of the Bureau of Energy Efficiency, New Delhi; or by any acceptable electronic mode of payment:

Provided that in case of small scale industry, label security fee shall be only twenty five thousand rupees; and

(c) documents specified in Form 1.

7. Grant of permission.- (1) On receipt of an application under regulation 6 and after being satisfied that all requirements therein are complied with, the Bureau may, within a period of one month from the date of such receipt, grant, subject to such terms and conditions as/are specified in regulation 8, permission for affixing label on direct cool refrigerator in Form II or in electronic form.

